


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 01 मई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 207 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# चुनाव खत्म महंगाई शुरू

## कॉमर्शियल गैस सिलेण्डर की कीमतों में हाहाकारी इजाफा

## बड़े सिलेण्डर का 993 रु. और छोटे का 261 रुपया दाम बढ़ा





**● होटल-रेस्टोरेण्ट, प्लास्टिक उद्योग, छोटे-बड़े कारखाने से लेकर ठेले पर चाट-मोमो बेचने वाले तक होंगे प्रभावित**

**नई दिल्ली।** जैसा कि पहले से ही अनुमान लगाया जा रहा था कि पांचों राज्यों में चुनाव के खत्म होते ही महंगाई जोर का झटका देगी। आज उस अनुमान ने अमली जामा पहन लिया है और व्यवसायिक गैस सिलेण्डर की कीमतों में अन्धाधुन्ध बढ़ोत्तरी के साथ इसकी शुरूआत हो गयी। कमर्शियल LPG सिलिंडर की कीमतों में शुक्रवार से भारी बढ़ोतरी की गई है। कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में एक मई यानी आज से बड़ा इजाफा हुआ है। आज से 19 किलो के कॉमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। दिल्ली में आज से 19 किलो के सिलिंडर की कीमत 3071.50 रुपये होगी। वहीं 5 किलोग्राम वाले FTL (फ्री ट्रेड LPG) सिलिंडर की कीमत में भी तत्काल प्रभाव से 261 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन व्यवसायिक एलपीजी की कीमतों में हुए हाहाकारी इजाफे से घरेलू गैस सिलेण्डर पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं जिससे उपभोक्ता सशंकित और भयभीत हैं। व्यवसायिक एलपीजी की कीमतों में इजाफे से फूड और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के व्यवसायों के लिए लागत बढ़ जाएगी। होटल-रेस्टोरेण्ट, प्लास्टिक उद्योग, छोटे-बड़े कारखाने से लेकर ठेले पर चाट-मोमो बेचने वाले तक इस सनसनीखेज बढ़ोत्तरी से खासे प्रभावित होंगे जिसका इनडायरेक्ट खामियाजा आम आदमी को ही भुगतना होगा। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है। घरेलू LPG की कीमतों में कोई भले ही कोई बदलाव नहीं किया गया है, कॉमर्शियल एलपीजी के दाम में हैरतअंगेज इजाफा करके इस बात का स्पष्ट संकेत दे दिया गया कि आने वाले दिनों घरेलू एलपीजी के दामों में इजाफा किया जाएगा। जिसका उपयोग देश भर में लगभग 33 करोड़ से ज्यादा घरों द्वारा किया जाता है।

### ऑनलाइन गेमिंग के लिए नए नियम आज से लागू

**नई दिल्ली।** देश में आज 'ऑनलाइन गेमिंग रूल्स 2026' प्रभावी हो गए हैं। इसके तहत 'ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी ऑफ इंडिया' (OGAI) का गठन किया जाएगा। यह संस्था ऑनलाइन गेम्स को रेगुलेट करने, उन्हें अलग-अलग कैटेगरी में बांटने और उनकी मॉनिटरिंग का काम करेगी। इसके तहत गेम्स को तीन कैटेगरी में बांटा गया है। ऑनलाइन मनी गेम्स, ऑनलाइन सोशल गेम्स और ई-स्पोर्ट्स। मनी गेम्स बैन है जबकि अन्य गेमिंग प्लेटफॉर्म्स के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी होगा। अब विदेशी गेमिंग कंपनियां भी भारतीय कानूनों से बच नहीं पाएंगी। अगर कोई कंपनी भारत में सर्विस दे रही है, तो उसका मुख्यालय कहीं भी हो, उसे भारतीय नियमों का पालन करना ही होगा।

### सिलिंडर के दाम बढ़ने को कांग्रेस ने बताया सरकारी वसूली

नई दिल्ली। व्यवसायिक सिलिंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में इजाफे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार हर माह कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में इजाफा कर रही है और इसे सरकार की वसूली करार दिया। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने व्यवसायिक सिलिंडर की कीमतों में उछाल के मुद्दे पर सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, 'महंगाई मैन मोदी' का चाबुक फिर चला। आज कमर्शियल सिलेंडर 993 रुपए महंगा हुआ। मोदी ने पिछले 4 महीने में कमर्शियल सिलिंडर के दाम ऐसे बढ़ाए।' कांग्रेस ने कहा, 'कमर्शियल सिलिंडर सिर्फ 4 महीने में 1,518 रुपए महंगा हो गया। अभी साल के 8 महीने बाकी हैं। मोदी की वसूली जारी है...। मोदी सरकार सिर्फ वसूली करना जानती है। अब 5 किलो वाला छोटू सिलिंडर भी महंगा कर दिया। पहले आधार कार्ड पर सिलिंडर बांटे, फिर उसका दाम बढ़ा दिया। ये बड़े चालबाज लोग हैं।'

## खेड़ा को मिल गयी जमानत

**● सीएम बिस्वा की पत्नी पर लगाया था कई पासपोर्ट रखने का आरोप**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। खेड़ा ने यह याचिका असम पुलिस द्वारा दर्ज FIR के सिलसिले में अग्रिम जमानत की मांग करते हुए दायर की थी। यह ईं मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी, रिनिकी भुइयां सरमा की शिकायत पर दर्ज की गई थी। शिकायत में खेड़ा पर यह आरोप लगाया गया था कि उन्होंने दावा किया था कि रिनिकी भुइयां सरमा के पास कई पासपोर्ट हैं।

### यूपी में 4 मई से दोबारा बारिश के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बृहस्पतिवार को मौसम का मिजाज बदला और आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। इससे तेज गर्मी से राहत मिली है। अधिकतम तापमान में 10 से 12 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। शनिवार से तापमान में फिर बढ़ोतरी शुरू होगी। वहीं 4 मई से दोबारा हल्की बारिश के आसार हैं। इससे पहले आंधी-बारिश के असर से अयोध्या, वाराणसी, कानपुर, बलिया और गाजीपुर समेत कई जिलों में दिन का तापमान घटकर 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास आ गया। इसके विपरीत उरई 43.6 डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

### हेट स्पीच मामले में अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा को सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा को राहत दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई भी संज्ञेय अपराध नहीं बनता। यह फैसला 29 अप्रैल को जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा किः प्रस्तुत सामग्री और कथित भाषणों की जांच के बाद कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता। भाषण किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं थे। इनमें हिंसा या सार्वजनिक अशांति भड़काने का स्पष्ट तत्व नहीं पाया गया। अदालत ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट का अंतिम निष्कर्ष सही था, लेकिन उसकी तर्क प्रक्रिया (सैंक्शन के आधार पर) पूरी तरह उचित नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि एफआईआर दर्ज करने के लिए पहले से सरकारी अनुमति (सैंक्शन) जरूरी नहीं है। ऐसी अनुमति की आवश्यकता केवल उस चरण में होती है, जब अदालत मामले का संज्ञान लेती है।

### राहुल गांधी को हाईकोर्ट से राहत, एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज

**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज हो गई। याची सिमरन गुप्ता ने ट्रायल कोर्ट संभल के फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। भारतीय राज्य के संबंध में राहुल गांधी के बयान के आधार पर संभल ट्रायल कोर्ट में उन पर एफआईआर दर्ज करने के लिए सिमरन गुप्ता ने वाद दायर किया था। ट्रायल कोर्ट के वाद खारिज किए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने संभल ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी।

## आधी रात स्ट्रांग रूम पर गहमागहमी

### अचानक पहुंची ममता, किया हंगामा, दी चेतावनी

**● ईवीएम में हेरफेर का लगाया आरोप, चुनाव आयोग पर साधा निशाना**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों से पहले राज्य में सियासी तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। गुरुवार की आधी रात को कोलकाता के भवानीपुर में उस वक्त भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित 'स्ट्रांग रूम' और काउंटिंग सेंटर पहुंच गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि EVM मशीनों के साथ हेरफेर की कोशिश की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कसम खाई कि EVM में किसी भी तरह की अनियमितता के खिलाफ वह 'मरते दम तक लड़ेंगी'। उन्होंने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए उन पर लापरवाही का आरोप लगाया। दक्षिण कोलकाता में काउंटिंग सेंटर में करीब 4 घंटे बिताने के बाद, बनर्जी रात करीब 12:07 बजे बाहर निकलीं। उन्होंने कहा कि तय काउंटिंग एरिया के अंदर सिर्फ़ 1 व्यक्ति को ही जाने की इजाज़त होगी। शुरुआत में स्ट्रॉन्ग रूम में जाने से रोके जाने के बाद, बनर्जी को परिसर में प्रवेश की अनुमति मिल गई। उन्होंने RO (रिटर्निंग ऑफिसर) से मुलाक़ात की और नियमों का हवाला दिया, जिनके अनुसार किसी भी पार्टी के उम्मीदवार और चुनाव एजेंट को सील किए गए कमरे तक जाने की अनुमति होती है, लेकिन उसके अंदर जाने की नहीं।



जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 42.5°C
● तापमान न्यूनतम : 23.0°C
● सूर्योदय : 05.26
● सूर्यास्त : 06.27
वाराणसी, 01 मई, शुक्रवार, 2026 (3)





# बौद्ध अनुयायियों से पटा सारनाथ

## बुद्ध के अस्थि अवशेष के किए दर्शन-पूजन, 5000 दीपकों से सजाया गया मंदिर

**● दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं की संभावना से प्रशासनिक खेमे में बढ़ी हलचल**

**● कचहरी से निकली धम्म यात्रा पहुंची मंदिर तक**



**वाराणसी।** बैशाख बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर शुक्रवार को सारनाथ के मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर में हजारों बौद्ध अनुयायी भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेष का दर्शन कर निहाल हुए। काशी में बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेष के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़े हैं। सारनाथ के मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर में सुबह 6.30 से दर्शन शुरू हुए हैं। दोपहर बाद कचहरी से धम्म यात्रा निकली जो मंदिर तक पहुंची। उसके बाद धम्म सभा सांस्कृतिक कार्यक्रम और धम्मदेशना होगी। इसके अलावा देर शाममूलगंध कुटी बुद्ध मंदिर को 5000 दीपकों से सजाया जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर यहां आने वाले लगभग 70 हजार बौद्ध अनुयायियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। सारनाथ में पंचशील के झंडे लहरा रहे हैं और विद्युत झालरों से पूरा परिसर आलोकित हो उठा है। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भगवान बुद्ध के पवित्र अस्थि अवशेष के दर्शन के लिए दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मन्दिर की सजावट व बौद्ध भिक्षुओं की चहल पहल से सारनाथ गुलजार रहा। बौद्ध मंदिर के विहाराधिपति भिक्षु आर सुमित्ता नन्द थेरो के नेतृत्व में हीरा मोती से जड़ित फ्लास्क में रखा बुद्ध अस्थि अवशेष मन्दिर के हाल में दर्शन को रखा गया। थाईलैंड, वियतनाम, श्रीलंका के साथ महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार के बोध गया, के अलावा यूपी के श्रावस्ती, कुशीनगर, गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली,अन्य जिलों से बौद्ध अनुयायी एवं स्थानीय बौद्ध मठ के बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्ध अस्थि अवशेष के दर्शन किये। इस दौरान भिक्षु चंदिमा, भिक्षु शीलवश, भिक्षु धम्म रत्न, भिक्षु रत्नाकर, सहित थाई, तिब्बती,जापानी, वियतनाम, कम्बोडिया बौद्ध मंदिर के बौद्ध भिक्षु शामिल रहे। मन्दिर में सुबह 6 बजे विश्व शांति के लिए बौद्ध भिक्षुओं ने पूजा की। इसके साथ यहां आए बौद्ध अनुयायियों ने सारनाथ के कम्बोडिया, थाईलैंड, वियतनाम, तिब्बती, जापानी बौद्ध मंदिर में दर्शन पूजन किये।

### बुद्ध पूर्णिमा पर भोजन दान

बुद्ध पूर्णिमा पर सारनाथ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन दान किया गया। इसके पहले पहला भोजन भिक्षु चण्डपदुम लेकर भगवान बुद्ध के चढ़ाया गया। धम्म शिक्षण केंद्र के प्रभारी भिक्षु चंदिमा ने बताया कि मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर परिसर में सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक भोजन की व्यवस्था की गई।

# विश्वनाथ मंदिर के आचार्य के सेवानिवृत्ति पर लगी रोक

**● बड़ी अदालत से मिली राहत**



**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर के आचार्य डॉ. देवी प्रसाद द्विवेदी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अतुल चांदुरकर की बेंच ने इस मामले में नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच (दो जजों की पीठ) के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसने डॉ. द्विवेदी को हटाने का आदेश दिया था। कोर्ट के सामने मुख्य सवाल यह है कि 'क्या किसी आचार्य को रिटायर किया जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट में डॉ. देवी प्रसाद द्विवेदी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी और अधिवक्ता विवेक जैन पेश हुए। बता दें कि डॉ. देवी प्रसाद द्विवेदी पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित किए जा चुके हैं। सिंगल जज ने अपने फैसले में कहा था कि 'आचार्य' का पद एक धार्मिक और पारंपरिक पद है। इसे सामान्य सर्विस नियमों या रिटायरमेंट (सुपरएनुएशन) की उम्र के दायरे में नहीं रखा जा सकता।

# विश्वनाथ मंदिर में ऐप आधारित नयी प्रणाली का विरोध शुरू

**● सड़क से संसद तक आंदोलन की तैयारी में कांग्रेस**

**वाराणसी।** विश्वनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजिट के बाद लागू किए गए ऐप-आधारित नई प्रणाली का लागू होते ही काशीवासियों ने विरोध शुरू कर दिया है। आम जनता के साथ राजनीतिक दल भी इस व्यवस्था के विरोध में उतर आए हैं। इसके लिए सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन की रणनीति भी तैयार होने लगी है। कांग्रेस ने मंदिर सीईओ विश्वभूषण और एसडीएम शंभूशरण पर मंदिर को प्रयोगशाला बनाने का आरोप लगाया है, वहीं सपा ने धर्म और अस्था से खिलवाड़ करने और श्रद्धालुओं को बंधन में बांधने का आरोप लगाया है। अफसरों पर मनमानी करते हुए भक्तों की भावनाएं आहत करने की बात भी कही है। शुक्रवार को मंदिर में लागू की जा रही ऐप आधारित व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने इसे आस्था पर प्रहार बताते हुए कहा कि बाबा के दरबार को व्यापार का केंद्र बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसे जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी।

## वाराणसी सिटी-गोरखपुर एक्सप्रेस आठ मई तक रहेगी निरस्त

**वाराणसी।** गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पर प्रस्तावित विकास के लिए ब्लाक लिया जा रहा है। इसके चलते आठ मई तक वाराणसी सिटी-गोरखपुर एक्सप्रेस व नौ मई तक गोरखपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

## मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए बीज की आनलाइन बुकिंग

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** दलहन, तिलहन एवं मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खरीफ-2026 में कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में समस्त बीज की आनलाइन बुकिंग हो रही है तथा कृषकों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से होगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह ने बताया कि वाराणसी में उर्द 367, मूंग 175, अरहर 1432, तिल 400, ज्वार 80, बाजरा 400, कोदो 200, सांवा 200 एवम् मडुवा/रागी 200 पैकेट बीज मिनीकिट निःशुल्क दिये जायेंगे। सामान्य वितरण वितरण योजना के तहत् धान, उर्द, मूंग, अरहर, तिल, ढैंचा का बीज 50 प्रतिशत अनुदान का उपलब्ध कराये जायेंगे। पारदर्शिता के लिए बीजों का वितरण पीओएस मशीन से किया जायेगा। साथ ही संकर बीज यथा-धान, मक्का, ज्वार, बाजरा भी राजकीय कृषि बीज भण्डारों से 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त होंगे।

# गुजरात स्थापना दिवस पर निकली पदयात्रा

**● सम्पूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी में दिया गया नारी शक्ति का संदेश**



**वाराणसी।** काशी में गुजरात स्थापना दिवस के मौके पर शुक्रवार को पदयात्रा निकाली गई। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय कैंपस से निकली इस पदयात्रा के जरिए शिक्षिकाएं व छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। यह यात्रा विश्वविद्यालय के योग साधना केंद्र से निकली जिसे कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारत की विविधता में एकता के आदर्श को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करते हैं और युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात ऐसी धरती है जहां से तमाम महापुरुष निकले हैं और भारत के निर्माण में अपना अहम योगदान दिए हैं। इसका संयोजन प्रो. विद्या कुमारी चन्द्रा एवं डॉ. विजय शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पदयात्रा में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के प्रतिभागियों ने सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया, जिससे कार्यक्रम का उद्देश्य सार्थक साबित हो सके।

## ऐप से घर बैठे कराएं पालतू डॉग-कैट का रजिस्ट्रेशन, वरना 5000 तक का जुर्माना

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम अब पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण (श्वान प्रजनन एवं विपणन) नियम 2017 को कड़ाई से अनुपालन कराने की तैयारी कर रहा है । इसके तहत शहरी सीमा में पालतू कुत्तों और बिल्लियों का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। नियमों की अनदेखी करने वाले पशुपालकों को न केवल आर्थिक दंड भुगतना होगा, बल्कि उन पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। नगर निगम पशुपालकों की सुविधा के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल कर दिया गया है। ऐसे में अब स्मार्ट काशी ऐप के माध्यम से घर बैठे ही अपने पालतू जानवरों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पालतू जानवरों का पंजीकरण कराने के लिए पशुपालकों को ऑनलाइन व आफलाइन दोनों सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है । इस नियम का मुख्य उद्देश्य पशुओं की सुरक्षा और शहर में पालतू जानवरों का सटीक डेटा रखना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीकरण न कराने की स्थिति में पशुपालकों पर 500 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत अभियान चलाकर बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीडीओ ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जनपद में अभियान चलाकर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड में विगत दिनों की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

## पीएम ने आयुष मंत्री से कुशलता पूछी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अपने दो दिवसीय काशी दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार की सुबह बरेका गेस्ट हाउस से काशी विश्वनाथ मंदिर जाने कें लिए विभिन्न मार्गो से होते हुए ज्यों ही उनका काफिला मैदागिन चौराहे कें निकट पहुंचा यहां पीएम के स्वागत में भाजपा कें वरिष्ठ नेताओं के साथ खड़े उत्तर प्रदेश के आयुष मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र दयालु के समक्ष गाड़ी की गति कुछ सेकेंडो के लिए धीमी कर दी। पीएम का डा. दयाशंकर मिश्र दयालु ने स्वागत किया उनके साथ सैकड़ों की संख्या में पीएम कें स्वागत में खड़े क्षेत्र के लोगों ने हर हर महादेव के उद्घोष कें साथ पीएम का अभिनंदन किया। इसके बाद पीएम का काफिला काशी विश्वनाथ मंदिर की तरफ चल दिया उनके ठीक पीछे आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र का फ्लीट भी मंदिर की ओर चल पड़ा मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री ने डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु से कुशल क्षेम पूछा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली निविदा" आमंत्रित करते हैं:–
क्रम सं.-1, कार्य का नामः वमइ/।/वाराणसी अनुभाग के अंतर्गत सभी प्रकार के रेल पैनलों [60kg./52kg. आर 260/72/90 यूटीएस, न्यू/इन सर्विस] की मोबाइल फ्लेश बट वेल्डिंग तथा रेलों की वेल्डिंग के लिये आर.डी.एस.ओ. द्वारा अनुमोदित 60kg./52kg. एल्युमिनो थर्मिट वेल्डिंग पोर्शन का निर्माण और आपूर्ति। ई-निविदा सूचना सं. एनईआर-बीएसबी-2026-24, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 1,30,82,956/- अमानत राशि (रू०में): ₹ 2,61,700/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 22-05-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 06 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-24 दिनांक 22-05-2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट *www.ireps.gov.in* पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),
मुजाधि/डब्लू-61 वाराणसी
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :
**ई-निविदा संख्या :** NER-LJN-2026-77, **कार्य का नाम :** NER-LJN डिवीजन :- PRZ-BNY खंड के बीच किमी 107/1-2 पर LC संख्या 82/सी और BNY-PPW के बीच किमी 124/7-8 पर LC संख्या 97/सी के स्थान पर एयर पुशिंग तकनीक द्वारा सीमित ऊँचाई वाली सबवे का निर्माण SSE/W/BNY के अंतर्गत ADEN/N/GD के अधिकार क्षेत्र में, **अनुमानित लागत** : ₹ 17,16,33,719.63, **अग्रिम धन** : ₹34,32,700.00, **समापन अवधि** : 09 माह।
**1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-77** के लिए ई-निविदा दिनांक 21.05.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-56 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## निशा विश्वकर्मा मौत प्रकरण में मंत्री के बयान से विश्वकर्मा समाज नाराज

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने जारी एक बयान में निशा विश्वकर्मा मौत प्रकरण में विधानसभा के विशेष सत्र में मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा एक पक्षीय और पक्षपातपूर्ण बयान दिए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा सरकार के जिम्मेदार मंत्री के इस तरह के गैर जिम्मेदाराना बयान से विश्वकर्मा समाज में गहरी नाराजगी है। मंत्री के इस बयान की विश्वकर्मा समाज कड़े शब्दों में निन्दा करता है। उन्होंने कहा कि पी एम रिपोर्ट और एफ.आई.आर दोनों दबाव में लिखे गए हैं, इसलिए दोनों की सत्यता संदिग्ध है, निशा विश्वकर्मा की मौत की घटना में अनेक रहस्य पूर्ण गुत्थियां अनसुलझी हैं। इन गुत्थियों को सुलझाने तथा घटना की सत्यता को सामने लाने के लिए विश्वकर्मा समाज सम्पूर्ण प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग करता है। उन्होंने कहा कि एक मंत्री का इस तरह एक पक्षीय और पक्षपात पूर्ण बयान देना घटना के आरोपियों के मनोबल को बढ़ावा देता है तथा मंत्री के नियत और मंशा पर सवाल पैदा करता है।




**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### सेंट मेरिज स्कूल ने गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रचा किर्तिमान




**मीरजापुर।** जनपद के सेंट मेरीज़ स्कूल, ने ICSE एवं ISC परीक्षा परिणामों में रचा कीर्तिमान गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सेंट मेरीज़ स्कूल, मीरजापुर ने ICSE (कक्षा 10) एवं ISC (कक्षा 12) बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रद्धेय फादर रेजिनॉल्ड डिसूजा ने परिणामों की औपचारिक घोषणा करते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। **प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार रहीं:**

ICSE (कक्षा 10) टॉपर्स:
श्रीया श्रीवास्तव — 98.8%
श्याम सिंह — 97.8%
गौरव — 97.2%
ISC (कक्षा 12) — विज्ञान वर्ग:
अभिरूप वर्मा - 98. 75%
आयुष कुमार — 95.50%
भूमिका अग्रवाल — 95.50%
हानिया मुहम्मद आरिफ — 94.75% व संकल्प पाण्डेय—94.75%ISC (कक्षा 12) — वाणिज्य वर्ग: प्रभजोत कौर—90.75% अर्पित जायसवाल — 90.50%शनि मौर्या - 89.75%

विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने अपने शिक्षकों के अथक परिश्रम एवं समर्पण की विशेष सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

## भदोही समाचार

### युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

**जंगीगंज।** गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के कलनुआ गांव में बुधवार की देर रात एक युवक ने अपने ही घर में फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कलनुआ निवासी शिवलाल गौतम (35) नशे का आदी था। आए दिन किसी न किसी बात पर परिवार वालों से विवाद करता था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट भी करता था। बुधवार को भी उसने अपने बच्चों के कपड़े जला दिए और पत्नी से झगड़ा कर उसे बच्चों सहित मायके भेज दिया। देर रात उसने घर में साड़ी के फंदे से लटककर जान दे दी। भोर में परिवार वाले जब कमरे में गए तो पता चला। परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। जंगीगंज चौकी प्रभारी पारसनाथ यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सुल्तानपुर समाचार

### हाईवे पर हुए हादसे में ट्रक चालक सहित दो की मौत

**सुल्तानपुर।** लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर बंधुआकला के खोखीपुर के पास बुधवार देर रात ट्रक अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन में पीछे से भिड़ गया। दुर्घटना में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। उस पर सवार चालक अमेठी के नारायणपुर, भाले सुल्तान निवासी शिवनाथ (35) व पूरे भरोसे का पुरवा बाजारशुक्ल निवासी शाह प्रसाद (40) की मौत हो गई। कटर की मदद से दोनों शवों को ट्रक से निकाला गया। बंधुआकला पुलिस के मुताबिक दुर्घटना बुधवार देर रात करीब 12 बजे के बाद हुई है। ट्रक लखनऊ की ओर से आ रहा था। ट्रक पर लिखे नंबर के आधार पर पुलिस ने वाहन स्वामी से संपर्क किया तो पता चला कि ट्रक दिल्ली से प्रदर्शनी का सामान लेकर प्रयागराज जाने के लिए निकला था। मृतकों के परिजन भी ट्रक के आगे दूसरे वाहन से प्रयागराज जा रहे थे। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पर शव की शिनाख्त की गई। ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। बंधुआकला थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### छह केंद्रों पर तीन मई को होगी नीट यूजी परीक्षा

**सुल्तानपुर।** नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि 3 मई को होने वाली इस परीक्षा में छह केंद्रों पर करीब 3000 अभ्यर्थी शामिल होंगे। एडीएम ने निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर समय से व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं।

## मऊ समाचार

### फीस जमा करने जा रहे दादा की सड़क दुर्घटना में मौत

**मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के मुहवां मोड़ के पास बृहस्पतिवार की दोपहर तेज रफ्तार बाइक ने सामने से आ रही साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से थाना क्षेत्र के करऊत गांव निवासी वीर बहादुर यादव (60) सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

वह मुहवां विजयगढ़ स्थित एक निजी स्कूल में अपने पोते की फीस जमा करने जा रहे थे। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए।

हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उन्हें बीएचयू रेफर कर दिया। वहां ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के पुत्र ने तहरीर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## जौनपुर समाचार

### मैजिक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, घर में पसरा मातम



**डोभी।** आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर बृहस्पतिवार दोपहर सड़क हादसे में 34 वर्षीय युवक की जान चली गई। हादसे की खबर जैसे ही घर पहुंची, खुशियों का माहौल पलभर में चीख-पुकार में बदल गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वाराणसी जनपद के लालपुर निवासी गोविंदा सिंह पुत्र अरुण सिंह अपने रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने बाइक से आजमगढ़ जा रहे थे। रास्ते में कनौरा गांव के पास सामने से आ रही एक टाटा मैजिक का टायर अचानक फट गया। वाहन अनियंत्रित होकर सीधे उनकी बाइक से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि गोविंदा बाइक समेत उछलकर सड़क किनारे खेत में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पिता अरुण सिंह ने रोते हुए कहा कि जिस रास्ते से वह अपनों की खुशियों में शामिल होने जा रहे थे, वही रास्ता उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसने हादसे की भयावहता को उजागर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मैजिक वाहन को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया है।

## देवरिया समाचार

### बेकाबू बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत

**घांटी बाजार।** भटनी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास एक निजी स्कूल के समीप बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस से भटनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान शशि पटेल (20) पुत्र दरोगा पटेल, निवासी ताली विशुनपुर, थाना नौतन, जिला गोपालगंज (बिहार) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि शशि पटेल अपने रिश्तेदार अमन पटेल पुत्र लाल साहब पटेल, निवासी चकउरफकीर (भटनी) को बाइक से छोड़ने आ रहा था।

## महराजगंज समाचार

### मृत शरीर में तलाशने लगे जान...10 घंटे तक लेकर भटकते रहे महिला का शव



**महराजगंज।** उम्मीद सबसे ताकतवर चीज है, लेकिन जब यह किसी मृत शरीर में जान तलाशने लगे, तो वह मंजर रूह कंपा देने वाला होता है। एक ऐसी ही हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहां परिजनों का लगाव और उनके विश्वास ने डॉक्टरों की बात को भी मानने से इन्कार कर दिया और महिला के जिंदा होने की आस में अस्पताल-अस्पताल भटकते रहे। यहां तक कि उन्होंने झाड़-फूंक भी कराया। थक-हारकर महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार, महराजगंज जिले के नौतनवा थाना क्षेत्र के कौलही गांव में मंगलवार की रात अशोक चौरसिया की पत्नी यीशु चौरसिया (45) पशुओं को चारा डाल रही थीं। इसी दौ-रान वह गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन मुडिला चौराहे पर स्थित एक डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने हालत को देखते हुए हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन नौतनवा के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पति अशोक चौरसिया ने बताया कि परिजन रात करीब 11 बजे शव लेकर घर चले आए। नात-रिश्तेदार को सूचना दे दी। लोग पहुंच भी गए लेकिन जब बुधवार की सुबह महिलाएं अंतिम संस्कार के लिए घर पर नहलाने लगीं। उसी वक्त मृतक की बहू साधना की साड़ी पकड़ने की बात सामने आई। इससे परिजनों को लगा कि यीशु जिंदा हैं। बस फिर क्या था परिजन आनन-फानन में उसे लेकर नौतनवा के दूसरे सोनौली रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया, लेकिन परिजनों को डॉक्टरों की बात पर विश्वास नहीं हुआ। वह दोबारा मां बनैलिया मंदिर के निकट स्थित एक डॉक्टर को दिखाए। वहां पर डॉक्टरों ने फिर से ईसीजी वगैरह और अन्य चेकअप कर मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वह अपने रिश्तेदार के वाहन से कोल्हुई स्थित एक अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। फिर वहां से फरेंदा ले गए। वहां भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक यीशु चौरसिया की बहु साधना ने बताया कि जब सुबह अंतिम संस्कार के लिए सास को अंतिम स्नान कराने के लिए महिलाएं जुटी थीं। शरीर पर पानी डाल ही रही थीं कि इसी दौरान मेरी साड़ी सास ने पकड़ लिया। मैं इधर-उधर देखने लगी कि कहीं कोई बगल में कोई साड़ी तो नहीं खिंच रहा है।

## चंदौली समाचार

### 12 जून तक बाल श्रम मुक्त बनेगा भोड़सर पंचायत, प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**शहाबगंज।** ग्राम पंचायत भोड़सर में बृहस्पतिवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत को 12 जून तक बाल श्रम मुक्त पंचायत बनाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही क्षेत्र की 8 अन्य पंचायतों को भी बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। इस दौरान ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, विद्यालय के शिक्षक, समिति के बाल प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि तथा मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की। बैठक में समिति की सचिव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने साल 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## गाजीपुर समाचार

### शादी में शामिल होने आया नोएडा का युवक गंगा में डूबा



**गहमर।** कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय गांव के नरवाघाट पर बृहस्पतिवार को दोस्तों संग गंगा स्नान कर रहा युवक डूब गया। पुलिस ने गोताखोर बुलाकर उसकी तलाश कराई, लेकिन पता नहीं चल सका।

यतिन शर्मा (20) ग्रेटर नोएडा का निवासी था युवक अपने दोस्त के साथ उसकी बहन की शादी में शामिल होने आया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि यतिन शर्मा (20) पुत्र निवासी सुरजपुर ग्रेटर नोएडा गहमर थाना क्षेत्र के हथौरी निवासी दोस्त सूरज सिंह के बहन की शादी में 29 अप्रैल को शामिल होने आया था। 30 अप्रैल की सुबह लगभग 12 बजे महिलाएं गंगा नदी के नरवाघाट पर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ककना छुड़ाने आई थीं। यतिन भी उनके साथ आया था। वह अन्य दोस्तों के साथ नदी में नहाने के लिए उतरा था।

नहाने के दौरान सेल्फी लेने के चक्कर में गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूबने लगा। उसको डूबता देख दोस्तों ने मदद की गुहार लगाई तो आसपास के लोग पहुंचे। उन्होंने युवक को तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों से खोजबीन कराई, लेकिन वह नहीं मिला। नाव से भी उसकी तलाश की गई, लेकिन पुलिस खाली हाथ लौट आई।

## बलिया समाचार

### बाढ़ से बचाव की तैयारी, 15 मई तक सभी प्रबंध पूरे करने के निर्देश

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को विकास भवन सभागार में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक हुई। इसमें डीएम ने आपदा प्रबंधन में किसी भी स्तर पर देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने के निर्देश दिए। बाढ़ खंड बलिया के अधिशासी अभियंता ने वर्तमान में चल रही सुरक्षा परियोजनाओं और तैयारियों का खाका पेश किया। ऽ

डीएम ने कहा कि समय रहते बचाव कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। एडीएम अनिल कुमार को निर्देश दिया कि 15 मई तक ग्राम पंचायत स्तर पर सभी संबंधित विभागों की समन्वय बैठकें सुनिश्चित की जाएं। पशुओं के लिए टीकाकरण सुनिश्चित करने और प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के लिए जल निगम को कार्ययोजना तैयार करने के लिए कहा।

## सोनभद्र समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर ओबरा तापीय परियोजना में सजीव प्रसारण के साथ श्रमिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई



**सोनभद्र।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम 01 मई 2026 को प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक प्रदेश के समस्त जनपदों में सजीव प्रसारण किया गया। इसी क्रम में ओबरा तापीय विद्युत परियोजना में ओबरा 'सी' तापीय विद्युत गृह के सम्मेलन कक्ष में उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ कार्यदायी संस्था मेसर्स दूसान एवं अन्य संविदाकारों के कार्मिक तथा बड़ी संख्या में श्रमिकगण उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रेरणादायक संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। अपने उद्बोधन में माननीय मुख्यमंत्री जी ने श्रमिकों के योगदान को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए उनके कल्याण, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस अवसर पर ओबरा तापीय परियोजना द्वारा श्रमिक कल्याण हेतु संचालित विभिन्न पहलों को भी रेखांकित किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से— कार्यस्थलों पर उच्चस्तरीय सुरक्षा मानकों का पालन एवं नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण, श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, स्वच्छ पेयजल, विश्राम स्थल एवं मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चित व्यवस्था, सुरक्षा उपकरणों (PPE) की अनिवार्य उपलब्धता एवं उपयोग, संविदा श्रमिकों के हितों की सतत निगरानी एवं संरक्षण, कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के मध्य उत्कृष्ट समन्वय स्थापित किया गया, जिससे सजीव प्रसारण निर्बाध एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अधिकारीगण में इं0 आर0के0 अग्रवाल, मुख्य महाप्रबन्धक, इं0 सोमनाथ मिश्र, महाप्रबन्धक (ब), इं0 अजय कुमार राय, महाप्रबन्धक (जानपद), इं0 मनीष यादव, महाप्रबन्धक, इं0 नेमी चन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 अजय कुमार शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 राजेश्वर प्रसाद, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 सुधांशु यादव, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 संजय कुमार पटेल, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 नज़मुल हसन, अधीक्षण अभियन्ता, इं0 अब्दुल निशात, अधीक्षण अभियन्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं समन्वय में इं0 दिलीप सिंह, अधिशासी अभियन्ता इं0 अंकुर सिंह, अधिशासी अभियन्ता तथा अनुराग मिश्र, कार्यकारी अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ओबरा तापीय विद्युत परियोजना द्वारा श्रमिकों के कल्याण, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करते हुए भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।

## प्रयागराज समाचार

### प्रयागराज-दादरी स्पेशल के बढ़ाए गए फेरे, 31 मई तक चलेगी ट्रेन



**प्रयागराज।** प्रयागराज से नोएडा जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने दादरी स्पेशल ट्रेन के फेरे बढ़ा दिए हैं। पहले इस ट्रेन का संचालन 30 अप्रैल तक होना था लेकिन अब यह ट्रेन 2 मई से 31 मई तक नियमित रूप से चलेगी। हालांकि ट्रेन के दादरी पहुंचने के समय में बदलाव किया गया है। अभी यह ट्रेन सुबह 5:15 बजे दादरी पहुंच रही है लेकिन तीन मई से दादरी पहुंचने का समय सुबह 7:15 बजे रहेगा। इसके अलावा अब इसका संचालन सूबेदारगंज की जगह प्रयागराज जंक्शन से होगा। गाड़ी संख्या 02417 रात 8:00 बजे सूबेदारगंज स्टेशन से प्रस्थान करेगी। सिराथू, फतेहपुर,गोविंदपुरी, फफूंद, इटावा, शिकोहाबाद, टूंडला, हाथरस, अलीगढ़, खुर्जा रुकते हुए ट्रेन अगले दिन सुबह 7:15 बजे दादरी पहुंचेगी। वापसी में 02418 का संचालन दादरी से रात 10:15 बजे होगा।

अगले दिन सुबह 9:00 बजे ट्रेन प्रयागराज जंक्शन पहुंच जाएगी। अभी यह ट्रेन दादरी से सुबह 7:15 बजे चलकर शाम 6:05 बजे सूबेदारगंज पहुंच रही है। रात में दादरी से प्रस्थान करने की वजह से जिन यात्रियों को प्रयागराज एक्सप्रेस या हमसफर में जगह नहीं मिल रही है, वह दादरी स्पेशल से प्रयागराज जंक्शन पहुंच सकते हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर, मौत, हादसे में युवक के दोनों पैर कटे, बिहार के रहने वाले थे दोनों

**आजमगढ़।** जिले के पवई थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 190 किलोमीटर गुरुवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में बिहार निवासी एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक के दोनों पैर कट गए। जानकारी के अनुसार, लखनऊ से बिहार जा रही एक डिजायर कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क किनारे सुरक्षित लेन में खड़ी थी। कार सवार लोग पेशाब करने के लिए वाहन से उतर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे आलू लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक कार को रौंदते हुए आगे बढ़ गया।



हादसे में कार के बाहर खड़े ओंकार नाथ मिश्र (38), पुत्र गंगा सागर मिश्र, निवासी बभनगवा, थाना नाऊ कोठी, जिला बेगूसराय (बिहार) ट्रक के पहिए के नीचे आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक सुधांशु शेखर चौधरी (28), पुत्र सुमन नाथ चौधरी, निवासी पूर्णिया (बिहार), भी ट्रक की चपेट में आ गए और उनके दोनों पैर कट गए। कार में बैठे अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद पवई पुलिस ने आलू लदे ट्रक और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। चालक की पहचान रमेश सिंह, पुत्र देवनाथ सिंह, निवासी गौतम नगरा, थाना सरैनी, जिला रायबरेली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। चालक ने पुलिस को बताया कि वह फर्रुखाबाद से आलू लेकर आजमगढ़ जा रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## लाइफ मंत्र

### 400 साल पुराना अद्भुत Shiv Mandir, नंदी के मुख से बहती है Mysterious धारा, स्रोत आज भी अज्ञात

क्या आप जानते हैं कि भारत मे एक ऐसा रहस्यमयी शिव मंदिर है। जहां पर नंदी के मुख से शिवलिंग पर निरंतर जलधारा गिरती रहती है। वह भी बिना किसी ज्ञात जलस्त्रोत के। बता दें कि यह आध्यात्मिक और चमत्कारी स्थल कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में है। देश भर में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं देश में कई प्राचीन और अद्भुत शिव मंदिर हैं। हर रोज भक्त इन शिवधामों के दर्शन और जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत मे एक ऐसा रहस्यमयी शिव मंदिर है। जहां पर नंदी के मुख से शिवलिंग पर निरंतर जलधारा गिरती रहती है। वह भी बिना किसी ज्ञात जलस्त्रोत के।

बता दें कि यह आध्यात्मिक और चमत्कारी स्थल कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में है।




यहां स्थित काडू मल्लेश्वर मंदिर का रहस्य और चमत्कार इस जगह को और अधिक खास बना देती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस चमत्कारी मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

**काडु मल्लेश्वर मंदिर का रहस्य**

दक्षिण भारत का रहस्यमयी शिवधाम बेंगलुरु के मल्लेश्वरम क्षेत्र में स्थित है। इस मंदिर का नाम काडु मल्लेश्वर मंदिर है, जोकि करीब 400 साल पुराना माना जाता है। माना जाता है कि इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग का स्वरूप है। इस मंदिर का निर्माण 17वीं शताब्दी में मराठा राजा शिवाजी के भाई वेंकोजी द्वारा कराया गया था। इस मंदिर का वास्तुकला मराठा और द्रविड़ शैली का अद्भुत संगम है। मंदिर की दीवारों, स्तंभों और शिखर की नक्काशी इसकी प्राचीनता और भव्यता को दर्शाती है।

**दक्षिणामुख नंदी तीर्थ में होता है चमत्कार**

काडू मल्लेश्वर मंदिर के पास श्री दक्षिणामुख नंदी तीर्थ कल्याणी क्षेत्र स्थित है। स्थानीय मान्यता के मुताबिक जब तक नंदी तीर्थ के दर्शन न हों, तब तक काडु मल्लेश्वर मंदिर की पूजा को अधूरा माना जाता है।

**नंदी के मुख से निकलती जलधारा**

इस क्षेत्र में नंदी महाराज की प्रचीन पत्थर की प्रतिमा स्थापित है। नंदी के मुख से निरंतर साफ और ठंडा पानी निकलता है। यह जलधारा शिवलिंग पर गिरकर स्वतः जलाभिषेक करती है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस पानी का स्त्रोत आज तक अज्ञात बना हुआ है। शोधकर्ता और वैज्ञानिक भी इस जलधारा के उद्गम का पता लगाने का प्रयास कर चुके हैं। लेकिन अब तक कोई भी ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

**भक्त मानते हैं इसको चमत्कार**

इस रहस्य को जहां विज्ञान समझ पाने में असमर्थ रहे हैं। तो वहीं श्रद्धालु इसको भगवान शिव की दिव्य कृपा और चमत्कार मानते हैं। धार्मिक मान्यता हैं कि यहां पर सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है।

**विशेष आयोजन**

बता दें कि महाशिवरात्रि के पावन मौके पर काडु मल्लेश्वर मंदिर और नंदी तीर्थ क्षेत्र में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। इस दौरान मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया जाता है। रुद्राभिषेक और महापूजा का आयोजन किया जाता है।

इस पावन मौके पर भगवान शिव की रथ यात्रा निकाली जाती है। वहीं 15 दिन प्रसिद्ध मूंगफली मेला लगता है। जोकि दूर-दराज से भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस दौरान लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए बेंगलुरु पहुंचते हैं।

**ऐसे पहुंचे**

आप यहां पर अगर हवाई मार्ग से आना चाहते हैं, तो केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलुरु है। अगर आप रेल मार्ग से यहां आना चाहते हैं, तो बेंगलुरु सिटी रेलवे स्टेशन है। वहीं शहर के सभी प्रमुख हिस्सों से मेट्रो और बस सुविधा उपलब्ध है।

**ठहरने की सुविधा**

मल्लेश्वरम और आसपास के क्षेत्रों में धर्मशालाएं, बजट होटल और मिड रेंज होटल आसानी से मिल जाएंगे।

## माइंडलेस स्नैकिंग करने की है आदत, तो आजमाएं ये आसान ट्रिक



माइंडलेस स्नैकिंग को रोकने की ट्रिक बेहद ही आसान है। इसके लिए आप पहले रुकें और पानी पीएं। मसलन, जब भी अचानक आपको स्नैकिंग का मन हो तो ऐसे में आप इंस्टेंट पैकेट खोलने की जगह 5 मिनट रुकें और फिर एक गिलास पानी पीएं। यह एक बेहद ही सिंपल सी आदत है, लेकिन काफी पावरफुल है। हम सभी की वेट लॉस जर्नी में सबसे बड़ा विलेन होता है माइंडलेस स्नैकिंग। कभी-कभी ऐसा होता है कि हमारा कुछ ना कुछ खाने का मन करता है, भले ही हमें भूख ना लगी हो। ऐसे में हम कभी बिस्किट तो कभी चॉकलेट या चिप्स खा लेते हैं और हमें पता ही नहीं चलता कि हम कितनी कैलोरी इनटेक करते हैं। इसकी वजह ना केवल क्रेविंग बढ़ने लगती है, बल्कि एनर्जी भी कम महसूस होती है। आज के समय में जब लोगों का लाइफस्टाइल काफी बिजी हो गया है और तनाव व स्क्रीन टाइम भी बढ़ने लगता है तो इस तरह की अनहेल्दी मंचिंग और माइंडलेस स्नैकिंग की आदत भी बढ़ने लगी है। हालांकि, अगर आप एक हेल्दी वजन के साथ अच्छा लाइफस्टाइल जीना चाहते हैं तो आपको सख्त डाइटिंग करने या फिर खुद को भूखा रखने की जरूरत नहीं है। सिर्फ एक आसान ट्रिक को आजमाकर आप अपनी इस आदत को आसानी से कंट्रोल कर सकती हैं। तो चलिए आज इस आसान ट्रिक के बारे में-

**रुकें और पीएं पानी**

माइंडलेस स्नैकिंग को रोकने की ट्रिक बेहद ही आसान है। इसके लिए आप पहले रुकें और पानी पीएं। मसलन, जब भी अचानक आपको स्नैकिंग का मन हो तो ऐसे में आप इंस्टेंट पैकेट खोलने की जगह 5 मिनट रुकें और फिर एक गिलास पानी पीएं। यह एक बेहद ही सिंपल सी आदत है, लेकिन काफी पावरफुल है।

**इस ट्रिक से कैसे मिलता है फायदा**

अगर आप इस ट्रिक को आजमाते हैं तो इससे आपको कई अलग-अलग तरीकों से फायदा मिलता है -

सबसे पहले तो आपको असली भूख व नकली भूख के बीच अंतर करने में मदद मिलती है। दरसअल, कई बार बॉडी को खाना नहीं, हाइड्रेशन चाहिए होती है। हम प्यास को भूख समझते हैं। जब आप पानी पीते हो और 5 मिनट रुकते हो, तब समझ आता है कि सच में भूख थी या सिर्फ प्यास। इस ट्रिक से इंस्टेंट क्रेविंग को ब्रेक करना आसान होता है। दरअसल, माइंडलेस ईटिंग इम्पल्सिव होती है। दिमाग बोलता है कि अभी चिप्स खा लो। अगर आप तुरंत चिप्स खा लेंगे तो यह आदत जारी रहेगी। लेकिन जब आप 5 मिनट रुके हो तो दिमाग का ऑटोमैटिक मोड ब्रेक हो जाता है। जिससे खुद पर कंट्रोल बेहतर होता है। बहुत से लोग स्ट्रेस, टेंशन, बोरियत या मूड के कारण से स्नैक करते हैं। ऐसे में जब आप रुकते हैं तो इससे आपको खुद से पूछने का मौका मिलता है कि क्या मुझे भूख है या मैं बोर या तनावग्रस्त हूं? जिससे इमोशनल ईटिंग कम होती है। यह ट्रिक पोर्शन कंट्रोल करने में भी मददगार है। अगर 5 मिनट रुकने के बाद भी भूख लगेगी तो यकीनन आप स्मार्ट चॉइस जैसे फल, दही, भुना चना या मखाने आदि लोगे।



## Normal Delivery में कम Risk, तो C-Section में ज्यादा आराम? समझिए फायदे-नुकसान का पूरा Health-Calculus

**किसी भी महिला या फिर उनकी फैमिली के लिए यह बड़ा डिसीजन है कि बच्चे की डिलीवरी कैसे कराना है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि नॉर्मल डिलीवरी बेहतर या सिजेरियन डिलीवरी बेहतर है।**

प्रसव के लिए दो तरह की डिलीवरी सबसे ज्यादा प्रचलित है। जिनमें से एक सिजेरियन डिलीवरी है और दूसरी वैजाइनल डिलीवरी है। आमतौर पर महिलाएं और डॉक्टर भी नॉर्मल यानी की वैजाइनल डिलीवरी को ज्यादा बेहतर मानते हैं। क्योंकि इसके बाद जल्दी रिकवरी हो जाती है।

वहीं सिजेरियन डिलीवरी के बाद महिलाओं को पूरी तरह से ठीक होने में महीने लग जाते हैं। तो वहीं कुछ महिलाएं सिजेरियन डिलीवरी कराती हैं, क्योंकि उनको नॉर्मल डिलीवरी का दर्द नहीं सहना होता है।

ऐसे में इस बीच हमेशा इस बात को लेकर बहस छिड़ी रहती है कि नॉर्मल और सिजेरियन डिलीवरी दोनों में क्या ज्यादा बेहतर है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दोनों के फायदे और नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं।

**सिजेरियन डिलीवरी**

सिजेरियन डिलीवरी में पेट को काटकर हल्के हाथों से बच्चे को बाहर निकाला जाता है। जिससे बच्चे पर कोई प्रेशर या दबाव नहीं पड़ता है। बच्चा बड़े आराम से बाहर आ जाता है।

**नॉर्मल डिलीवरी**

नॉर्मल डिलीवरी में बच्चा काफी देर तक प्रसव के रास्ते में रहता है। जिस कारण बच्चे को कम ऑक्सीजन मिलने का खतरा रहता है।

**फायदे और नुकसान**

सिजेरियन डिलीवरी में बच्चे पर किसी तरह के उपकरण का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। जिससे बच्चे पर किसी तरह का जोखिम कम हो जाता है।

वहीं कई बार नॉर्मल डिलीवरी में बच्चे को खींचने के लिए कुछ उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है, जैसे - वैक्यूम या फोरसेप्स आदि। इससे बच्चे को ट्रामा होने का खतरा रहता है।

नॉर्मल डिलीवरी के दौरान कई बार बच्चे को बाहर निकालने के दौरान मूत्र मार्ग या मलाशय को चोट आती है। जिससे डिलीवरी के बाद महिलाओं को पेशाब रोकने में दिक्कत होती है।

नॉर्मल डिलीवरी में योनी की मांसपेशियां फट या ढीली हो जाती हैं। जो आगे चलकर सेक्स में प्रॉब्लम और पेशाब न रोक पाने की समस्या होती है। लेकिन यह सभी समस्याएं सिजेरियन डिलीवरी में नहीं होती है।

सिजेरियन डिलीवरी के दौरान दर्द कम होता है। वहीं नॉर्मल डिलीवरी में कई घंटों तक दर्द सहना होता है। लेबर पेन के डर से कई महिलाएं सिजेरियन डिलीवरी को चुनती हैं।

सिजेरियन डिलीवरी कराने से मूत्राशय और योनि को चोट लगने का रिस्क कम हो जाता है। वहीं योनि, गर्भाशय, मूत्राशय या मलाशय के बाहर आने का खतरा भी घट जाता है। इसको पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स कहते हैं। लेकिन सिजेरियन डिलीवरी के बाद रिकवरी करने में काफी समय लगता है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172


## लोगों से मिलने में कांपते हैं हाथ-पैर? कहीं आप इस Mental Health Disorder के शिकार तो नहीं



अकेलापन गंभीर बीमारियों को बढ़ाने वाला हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनियाभर में करोड़ों लोग एंग्जाइटी डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं। ऐसी ही एक समस्या सैड यानी सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर है, जिसका खतरा युवाओं में तेजी से देखने को मिल रहा है। शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए फिजिकल और मेंटल दोनों तरह की सेहत पर ध्यान देना जरूरी होता है। हम सभी अक्सर फिजिकल सेहत पर ध्यान देते हैं। लेकिन मेंटल हेल्थ को अनदेखा कर देते हैं। मेडिकल रिपोर्ट्स की मानें, तो सोशल मीडिया पर लोगों से अपनी तुलना, काम के बढ़ते दबाव, असुरक्षा की भावना और अकेलेपन के कारण स्ट्रेस और एंग्जाइटी की समस्या सभी उम्र के लोगों में बढ़ती हुई देखी जा रही है।

अकेलापन गंभीर बीमारियों को बढ़ाने वाला हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनियाभर में करोड़ों लोग एंग्जाइटी डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं। वहीं कई मामलों में चिंता और डर इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि रोजमर्रा की जिंदगी जैसे पढ़ाई, रिश्तों और नौकरी आदि पर इसका असर होने लगता है। ऐसी ही एक समस्या सैड यानी सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर है, जिसका खतरा युवाओं में तेजी से देखने को मिल रहा है।

**सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर के बारे में जानिए**

यह एक ऐसी समस्या है, जिसकी अक्सर लोगों में पहचान नहीं हो पाती है। इस समस्या से पीड़ित लोगों को नई जगह जाने, लोगों से मिलने में डर लगना या फिर अंजाने लोगों से बात करने में डर लगता है। हालांकि इसको लोग अक्सर शर्मिलापन समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन कुछ लोगों में यह समस्या इतनी बढ़ जाती है कि इसका असर दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगता है। विशेषज्ञ सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर को मानसिक स्वास्थ्य स्थिति मानते हैं, जिसकी पहचान और इलाज करना जरूरी है। इस डिसऑर्डर की वजह रोगी को लगने लगता है कि लोग उनको जज करेंगे या फिर उनका मजाक उड़ाएंगे। अगर 6 महीने तक यह डर बना रहे और दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगे, तो इसको डिसऑर्डर माना जाता है।

**डिसऑर्डर की पहचान**

आपको ऐसी स्थितियों से डर लगना, जहां आपका निगेटिव रूप से मूल्यांकन हो सकता है। अजनबियों से बात करने में डर महसूस होना। शर्मिंदा या अपमानित महसूस करने की चिंता होना। यह डर महसूस होना कि दूसरे लोग यह महसूस कर लेंगे कि आप घबराए हुए दिख रहे हैं। दूसरों से बातचीत करने में पसीना आना, चेहरा लाल होना, कांपना या फिर आवाज का लड़खड़ाना। उन स्थितियों से बचना, जहां आप पर सबकी नजरें हो सकती हैं।

**क्यों होती है ये दिक्कत**

अगर आपके घर में माता-पिता या भाई-बहन को यह समस्या है। तो आपको भी सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर होने का रिस्क बढ़ जाता है। जिन बच्चों को तंग किया जाता है, चिढ़ाया जाता है और सामाजिक रूप से नकारा जाता है, उनमें भी इसका रिस्क ज्यादा होता है।

**ये डिसऑर्डर होने पर क्या करें**

बता दें कि सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर किसी को भी हो सकता है। डॉक्टर जिन लोगों में इस समस्या की पहचान करते हैं, उनको मनोवैज्ञानिक परामर्श या फिर टॉक थेरेपी की सलाह दी जाती है। वहीं कुछ दवाओं के इस्तेमाल से दिमाग के कैमिकल इंबैलेंस और लक्षणों को ठीक करने में भी सहायता मिल सकती है।


नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682